# नौणी विवि में भूतपूर्व छात्रों के साथ रीकनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

**डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्योनिकी** एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी द्वारा पूर्व छात्र रीकनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना की संस्थागत विकास योजना आईडीपी के तहत आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र ऑनलाइन और ऑफ लाइन मोड में इस कार्यक्रम में शामिल हुए और विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ को और अधिक गतिशील बनाने के बारे में चर्चा की।



रीकनेक्ट कार्यक्रम हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया था जिसमें पूर्व छात्र ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड में शामिल हुए थे। देश के विभिन्न हिस्सों सहित अमेरिका और कनाडा से कई छात्र ऑनलाइन इस कार्यक्रम में शामिल हुए। विश्वविद्यालय में आए भूतपूर्व छात्रों को विश्वविद्यालय द्वारा विकसित नई सुविधाओं, विशेष रूप से पूर्व छात्र एंगेजमेंट केंद्र का दौरा करवाया गया। डीन कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर डॉ. मनीष शर्मा ने पूर्व छात्रों का स्वागत किया और बताया कि विश्वविद्यालय पूर्व छात्रों के साथ विश्वविद्यालय से उनकी अपेक्षाओं को समझने के लिए इस तरह के रीकनेक्ट कार्यक्रम आयोजित करेगा। आईडीपी की प्रधान अन्वेषक डॉ. केके रैना ने छात्रों के समग्र विकास और पूर्व छात्रों के साथ जुड़ाव के लिए आईडीपी परियोजना के तहत की गई पहल के बारे में बात की। पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष डॉ आरके ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि विश्वविद्यालय के विकास और वर्तमान से ऊंचे स्तर पर ले जाने में पूर्व छात्रों की बड़ी भूमिका है। अनुसंधान निदेशक डॉ.संजीव चौहान ने पूर्व छात्रों के कॉर्पस फंड और इसकी स्थापना के लिए तैयार किए जा रहे दिशानिर्देशों पर चर्चा की। इस मौके पर कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल ने कहा कि यह कार्यक्रम नियोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में से एक था, जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय ने पूर्व छात्रों की आकांक्षाओं को मापने की योजना बनाई है और कैसे विश्वविद्यालय वर्तमान छात्रों और उद्योग के साथ जुडने के लिए एसोसिएशन के साथ काम कर सकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय पूर्व छात्रों के लिए इस संघ को और अधिक आकर्षक बनाने की प्रक्रिया में है।

# भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित बनाएं

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**अतिरिक्त** जिला उपायुक्त एंव उप जिला निर्वाचन अधिकारी डा. निधि पटेल की अध्यक्षता में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तहसीलदार, नायब तहसीलदार, असैम्बली लेवल मास्टर ट्रेनर, निर्वाचन कानूनगों व डाटा एन्ट्री आपरेटरस के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024, मतदान केंद्रों के युक्तिकरण व ईआरओ नेट 2.0 के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तृत जानकारी देने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए



ड़ाण निधि पटेल ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के वैधानिक कार्यान्वयन में त्रुटियों की कोई भी संभावना नहीं होती है। लेकिन इसके बावजूद चुनावी कार्य में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों की पूर्ण जानकारी रखने के साथ उनकी अनुपालना सुनिश्चित बनाना हम सबका सामूहिक दायित्व है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे चुनाव प्रक्रिया के लिए मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण और मतदान केंद्रों के युक्तिकरण कार्य को ध्यानपूर्वक और गंभीरता से करें।

## भारत की एकता और अखंडता में मुखर्जी की अहम भूमिका: दलीप

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**भाजपा हिमाचल** प्रदेश में सभी बूथों पर बलिदान दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर स्राकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का की एकता और अखंडता के लिए बहुत बड़ा योगदान है। उनका सपना था कि भारत विश्व गुरु बने। परमिट व्यवस्था का सिस्टम जो जम्मू कश्मीर में अंदर जाने के लिए लागू था, मुखर्जी ने उसका विरोध किया और उसके बाद निर्णय किया कि अगर इस सारे मामले को लेकर के उस समय की केंद्र सरकार अगर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती तो वह स्वयं नियमों का उल्लंघन करके जम्मू कश्मीर की सीमा में प्रवेश करेंगे। उस दृष्टि से मुखर्जी ने एक बड़े आंदोलन का नेतृत्व किया और लखनपुर के पास पठानकोट के आगे पहुंचने के बाद जैसे ही उन्होंने जम्मू कश्मीर की सीमा में प्रवेश किया तो जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया। उसके पश्चात उनको जेल में रखा गया और कुछ वर्षों तक जेल में रहने के बाद भी उनका किसी कारण से देहांत हो गया। जिसका कारण का आज तक पता नहीं लगा पाया है। मुखर्जी की मृत्यु का रहस्य आज तक शोध का विषय बना हुआ है,जिसकी जानकारी सही रूप में नहीं मिल पाई।

## निराश्रित बच्चों का भविष्य संवारने को कार्य योजना तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

**मुख्यमंत्री** सुखाश्रय योजना के तहत मंडी जिला के सभी बाल देखभाल संस्थानों को सुदृढ़ीकरण के लिए कार्य योजना तैयार की गई है ताकि निराश्रित बच्चों को भविष्य संवारने में मदद मिल सके। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त निवेदिता नेगी ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि मंडी जिला में निराश्रित बच्चों के लिए आठ बाल देखभाल संस्थान कार्य कर रहे हैं इसमें 382 के करीब बच्चों की देखभाल सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि बाल देखभाल संस्थानों के बच्चों को शिक्षा की बेहतर सुविधा के लिए सरकारी मॉडल स्कूलों एवं निजी स्कूलों में दाखिला सुनिश्चित किया जाए इस



के लिए उप निदेशक शिक्षा विभाग को कारगर कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं इसके साथ इन संस्थानों के बच्चों को स्कूलों तक पहुंचाने के लिए वाहन व्यवस्था की सुविधा भी प्रदान की जाएगी ताकि बच्चों को आवाजाही में किसी भी तरह की दिक्कतें नहीं हों। बच्चों की शैक्षणिक प्रगति के लिए कोचिंग की व्यवस्था भी की जाएगी इस के लिए ट्यूटर नियुक्त किए जाएंगे। बेहतर कम्यूनिकेशन स्कील को विकसित करने पर विशेष बल दिया जाएगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दृष्टिगत पाठ्यक्रम तथा सामान्य ज्ञान की पुस्तकें भी उपलब्ध करवाई जाएंगी ताकि इन संस्थानों के बच्चे किसी भी स्तर पर पीछे नहीं रहें। उन्होंने कहा कि बच्चों का नियमित तौर पर हेल्थ चेकअप भी किया जाएगा इसमें बच्चों के शारीरिक विकास का सारा ब्यौरा रखा जाएगा तथा बीमारी की स्थिति में उपचार की उपयुक्त व्यवस्था भी की जाएगी।

**सर्वांगीण विकास पर रहेगा विशेष फोक्स**

अतिरिक्त उपायुक्त निवेदिता नेगी ने बताया कि सुखाश्रय योजना के तहत बाल देखभाल संस्थानों के बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की जयंती विश्राम गृह में मनाई गई




**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

विधानसभा कांग्रेस कमेटी कुल्लू द्वारा आज हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह 90वीं जयंती लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह मौहल में मनाई गई। इस मौके पर मुख्य संसदीय सचिव सुन्दर सिंह ठाकुर व विधानसभा कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने पुर्व मुख्यमंत्री के तस्वीर पर अपनी भावभिन्नी श्रद्धांजलि अर्पित की, इस मौके पर मुख्य संसदीय सचिव सुंदर ठाकुर ने कहा कि जिस तरह हिमाचल के प्रथम मुख्यमंत्री यशवंत सिंह परमार हिमाचल निर्माता के तौर पर जाना जाते है, उसी तरह वीरभद्र सिंह आधुनिक हिमाचल के निमार्ता के तौर पर जाने जाते हैं, उन्होनें हिमाचल के विकास को हमेशा समान दृष्टि से देखा और क्षेत्रवाद की राजनीति से हटकर प्रदेश का समान और समुचित विकास किया।

## विधानसभा अध्यक्ष ने मृतक मनोहर के परिवार से मिलकर व्यक्त की संवेदनाएं

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज उपमंडल सलूणी के तहत ग्राम पंचायत भांदल के गांव थरोली में मृतक मनोहर के परिवार से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को प्रदेश सरकार की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता के तौर पर 4



लाख 12 हजार 500 रुपए धनराशि जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व जिला रेड क्रॉस सोसाइटी चंबा द्वारा पीड़ित परिवार को 60 हजार रुपए की आर्थिक मदद भी प्रदान की गई है।

## 'सुक्खू सरकार प्रदेश के अंदर कानून व्यवस्था बिगाडने में लगी है'

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन चमन शर्मा**

**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार, सुखविन्द्र सुक्खू की सरकार पूरे प्रदेश के अंदर स्वयं ही कानून व्यवस्था की स्थिति बिगाडने में लगी है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि चंबा में जो दुर्दांत हत्याकांड हुआ उसने कानून व्यवस्था को बिगाडने में कांग्रेस पार्टी को सरकार ने अहम भूमिका निभाई। समय रहते कार्यवाही न करना



और जनता का विश्वास कार्यवाही न करने से सरकार पर से उठ जाना, यही वजह है कि अभी तक इतने दिन बीत जाने पर भी चंबा का जनमानस उद्वेलित है, आक्रोशित है, ऐजिटेटिड है। भाजपा नेता ने कहा कि नालागढ़ में पुलिस की लापरवाही सेए एक व्यक्ति की कथित असावधानी से एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है जिससे जनता में रोष स्वाभाविक है। सिरमौर में पुलिस राह चलते युवकों पर प्रहार करती है, युवक के कान का पर्दा फट जाता है और न सरकार, न प्रशासन, काई व्यक्ति गौर नहीं करता और कानून व्यवस्था बिगडने लगती है। उन्होनें कहा कि ऊना में दिन दिहाड़े छुरा बाजी होती है, सरकार जागती नहीं है और कानून व्यवस्था लचर होती है। शिमला में झगड़ा होता है, सिर फूटते हैं और सरकार के मंत्री झगड़े में घी डालने का काम करते हैं और पूरी सरकार गुत्थमगुत्था हो जाती है तथा कानून व्यवस्था चरमराती है। हिमाचल में अभी तक 40 से ज्यादा मर्डर के केस सामने आए है।भाजपा नेता ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह अव्यवस्था स्टेट स्पोंर्स्ड है तथा सरकार के लोगों द्वारा ही प्रदेश की शांति को बिगाड? का काम किया जा रहा है। भाजपा का मानना है कि सरकार कांग्रेस द्वारा दी गई 10 गारंटियों से भागने के लिए जनता का ध्यान भटकाने के लिए उन्हें आपस में लड़ाने में लगी है और प्रदेश की स्थिति को बिगाड़ रही है।

## जोगिंद्रनगर में 26 को होगी वाहनों की पासिंग

**टीम एक्शन इंडिया/ जोगिंद्रनगर/ संगराय**

**जोगिंद्र** नगर में आगामी 26 जून को वाहनों की पासिंग होगी जबकि 27 जून को ड्राइविंग टेस्ट लिया जाएगा। ड्राईविंग टेस्ट में भाग लेने के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक करवाना अनिवार्य होगा।इस बारे जानकारी देते हुए एसडीएम कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि ड्राईविंग टेस्ट में भाग लेने वालों को ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग करवानी होगी। 27 जून को होने वाले ड्राइविंग टेस्ट में भाग लेने वाले इच्छुक अभ्यर्थी 24 जून को प्रातः 10 बजे से ऑनलाइन स्लॉट बुक करवा सकते हैं।

## कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. राजा वीरभद्र सिंह की मनाई जयंती

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**हिमाचल** निमार्ता और छः बार के मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी भवन मंडी में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के पश्चात कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट आकाश शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह



हिमाचल प्रदेश में 6 बार मुख्यमंत्री व केंद्र में भी मंत्री रहे हैं और प्रदेश की जनता उन्हें विकास के मसीहा के रूप में जानती है। उन्होंने कहा कि आज स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की जयंती को पूरे प्रदेश में विकास दिवस के रूप में मनाया जा रहा है और उनके कार्यकाल में प्रदेश के हर क्षेत्र में चहुमुखी विकास हुआ है। इस दौरान मंडी जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों और

# ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**विधानसभा अध्यक्ष** कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए यह अनिवार्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को विशेष प्राथमिकता दी जाए। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सडक, ऊर्जा, पेयजल, सिंचाई तथा शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण पर पर बल दिया जा रहा है। ग्रामीण कल्याण के प्रतिलक्षित अनेक योजनाएं व कार्यक्रम गत सात महीनों में कार्यान्वित किये गये हैंए जिनके सुखद परिणाम आने शुरू हो गए हैं।विधानसभा अध्यक्ष डुंढियारा बंगला विश्रामगृह में लोगों की समस्याएं सुनने के उपरान्त बोल रहे



थे।विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान लगभग 120 लोगों लोगों की समस्याओं को सुना। ज्यादातर समस्याएं पानी, बिजली, सडकों को लेकर थीं। उन्होंने अधिकतर समस्याओं का मौके पर समाधान कर दिया तथा शेष समस्याओं के समाधान के लिए सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये।उन्होंने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्याओं का निपटारा करने को कहा। उन्होंने सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढग से लागू करने एवं पात्र लोगों तक लाभ पहुंचाने के लिए कार्य करने के निर्देश दिये ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र के लोगों के विश्वास पर खरा उतरते हुए वे उनकी आंकाक्षाओं तथा आशाओं के अनुरूप भटियात को विकास का आदर्श बनाएंगे।पठानिया ने कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है और भटियात विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, सडक और सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# भव्य शोभायात्रा के साथ सोलन शहर में राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेले का आगाज

## स्वास्थ्य मंत्री व सीपीएस संजय अवस्थी ने किया पालकी का स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

**सोलन श**हर की अधिष्ठात्री देवी माता शुलिनी देवी के राज्यस्तरीय शुलिनी मेले का आगाज शुक्रवार को माता की शोभायात्रा के साथ हो गया हैएमां शूलिनी पालकी में सवार होकर गंज बाजार स्थित मंदिर में अपनी बहन से मिलने के लिए मंदिर से निकलीं। पालकी में सवार होकर दोपहर 2 बजे शूलिनी माता गंज बाजार अपनी बहन से मिलने के लिए निकलीं। पहले दिन माता के दर्शन के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। मंदिर से करीब 200 मीटर दूर



पुरानी कचहरी में मां शूलिनी की पालकी का स्वागत स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और सीपीएस संजय अवस्थी ने किया। राज्य स्तरीय शूलिनी मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने करना था, लेकिन व्यस्तता के चलते वह कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। शुक्रवार को शोभायात्रा से पहले मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद पारंपरिक वाद्य यंत्र



और ढोल-नगाड़ों के साथ मां शूलिनी पालकी में निकलीं। पालकी पुरानी कचहरी पहुंची। पालकी को माता के कल्याणे उठाकर चल रहे थे। पुरानी कचहरी के बाद शोभायात्रा चौक बाजार पहुंची। यहां मंत्री डॉ शांडिल और अन्य लोगों ने पालकी पर पुष्प वर्षा की। अप्पर और गंज बाजार होते हुए माता की पालकी पहले ठहराव पर पुराने बस स्टैंड में पहुंची। यहां हजारों लोगों ने माता का आशीर्वाद लिया। इसके बाद पुराने उपायुक्त चौक आने बाद माता की पालकी वापस गंज बाजार की ओर निकली। माता की पालकी रात को करीब 11 बजे गंज बाजार स्थित अपनी बहन के पास पहुंचेंगी। यहां माता तीन दिन रुकने के बाद रविवार को माता वापस मंदिर चली जाएंगी। ये बोले मुख्यातिथिइस दौरान प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने लोगों को राज्यस्तरीय शुलिनी मेले क बधाई दी और कहा कि मेंले हमारी पुरातन संस्कृति को संजोए है ऐसे में इन मेलों को धूमधाम के साथ मनाया जाना चाहिए वही सीपीएस संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश की सुखविन्द्र सिंह सुक्खू सरकार प्राचीन संस्कृति को संजोए रखने के लिए भी कार्य कर रही है और मेले इसमें अहम भूमिका निभाते हैं उन्होंने कहा कि सरकार संस्कृति को संजोए रखने और आने वाली पीढ़ी को उसके बारे में बताने के लिए कार्य कर रही है।

**सुरक्षा के किए गए हैं कड़े इंतजामः** मां शूलिनी मेले के लिए शहर पैक हो गया है। इसे देखते हुए पुलिस ने कड़े इंतजाम किए हैं। शहर में सुरक्षा का जिम्मा 500 पुलिस कर्मियों के हाथ में दिया गया है। दो कंट्रोल रूम समेत ठोडो ग्राउंड में चार एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड को भी तैनात किया गया है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की एक टीम भी मौके पर है। वहीं मेले के लिए ठोडो ग्राउंड में प्रतियोगिताओं का शुभारंभ के लिए जिला प्रशासन और नगर निगम ने हवन यज्ञ किया। झांकियां भी रहीं आकर्षण मां शूलिनी की शोभायात्रा को भव्य, सुंदर व आकर्षक बनाने के लिए झांकियां भी साथ रहीं। इसमें गणेश, कृष्ण, शिव और मां काली, अघोरी तांडव, हनुमान, भगवान राम आदि झांकियां भी रहीं।

# जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक का आयोजन, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**जिला** परिषद कुल्लू की त्रैमासिक बैठक में महत्वपूर्ण विकास कार्यों पर हुई चर्चा, लोक निर्माण जलशक्ति, हिमाचल पथ परिहन निगम सहित विभिन्न विभागों से सम्बंधित मुद्दे रहे महत्वपूर्ण जिला परिषद कुल्लू की त्रैमासिक बैठक का आयोजन जिला परिषद हॉल कुल्लू में अध्यक्ष पंकज परमार के अध्यक्षता में हुआ। जिला परिषद् उपाध्यक्ष वीरसिंह के प्रश्न के जावाब में एनएचएआई के अधिकारी ने बताया कि एनएचएआई द्वारा गैमन पुल से मनाली फोरलेन में अधिगृहित भूमि की चौड़ाई कही पर 16 फुट से भी कम है जिसको पुन सर्वे करके अतिक्रमण हटाकर नालियां इत्यादि का कार्य इस वर्ष



पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में सदस्य जिला गुलाब सिंह द्वारा पूछे गए प्रश्न के जवाब में वन विभाग के अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि पहनाला बीट के जंगलों में कुल 25 फार्म पॉन्ड बनाए गए हैं जिन पर की 26 लाख खर्च किए गए हैं। उन्होंने जानकारी दी कि 39 रिटेनिंग वॉल 5 लाख 99 हजार खर्च कर लगाए गए हैं तथा चार चेक डैम बनाए गए हैं। सदस्यों ने अपने वार्ड से संबंधित विभिन्न समस्याओं तथा विकास कार्यों से संबंधित जानकारी सदन में ली। सदस्य आशा ठाकुर के जायका परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत बशौना में क्रियान्वित योजनाओं का ब्यौरा प्रस्तुत करने के जवाब में वन विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि यहां पर लगाए गए दाडू के पौधों को पौधरोपण के मौसम में यहां से उखाड़ कर दूसरे स्थान पर लगाया गया है तथा यहां पर अन्य किस्म के पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में जायका परियोजना के अंतर्गत होने वाले प्रत्येक कार्य के निरीक्षण के लिए जिला परिषद सदस्य को भी सूचित किया जाएगा। बैठक में सदन में विभिन सदस्यों द्वारा विकास कार्यों से सम्बंधित कई मुद्दों पर सम्बंधित अधिकारियों से जवाव मांगे गए वहीं पूरे सदन द्वारा एकमत से टकोली ० डोह्लुनाला टोल प्लाजा का मुद्दा उठाया गया जिला परिषद् सदस्या दीपिका की ओर से पूछे गए प्रश्न में कुछ मुद्दे जोड़ते हुए सदस्यों पूर्ण चन्द, अरुणा ठाकुर, उपाध्यक्ष वीरसिंह तथा अन्य सदस्यों ने एनएचएआई के अधिकारियों से 60 किलोमीटर से कम की दूरी में दो टोल प्लाजा स्थापित करने के नियम पर जानकारी मांगी जिस पर अधिकारियों ने जबाब दिया कि टकोली ० डोह्लुनाला टोल प्लाजा 60 से कम की दूरी पर हैं

परन्तु अभी तक इस पर केंद्र सरकार की वर से डोह्लुनाला टोल प्लाजा से सम्बंधित अगला कोई आदेश नहीं हुआ है तथा टकोली पलाजा पर अभी तक फोरलेन पर जितनी सडक का निर्माण पूर्ण हुआ है केवल उतनी दूरी की सुविधा से सम्बंधित दर से टोल टेक्स वसूला जा रहा है।

# उपायुक्त ने फागू सेब नियंत्रण कक्ष में लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**

**उपायुक्त** शिमला आदित्य नेगी ने आज फागु में मुख्य सेब नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि लगभग एक माह के भीतर सेब सीजन शुरू होने वाला है और इसी दृष्टि से आज मुख्य सेब नियंत्रण कक्ष में की जाने वाली तैयारियों के संदर्भ में व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने कहा कि नियंत्रण कक्ष में सेब सीजन के दौरान बागवानी, राजस्व, पुलिस एवं पंचायती राज विभाग से स्टाफ को प्रतिनियुक्त किया जाता है। उन्होंने इस संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को प्रतिनियुक्त होने वाले स्टाफ की सूची जल्द तैयार कर एक मॉक



ड्रिल का आयोजन करने के निर्देश दिए ताकि सेब सीजन का सुचारू रूप से संचालन किया जा सके।

उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि मुख्य नियंत्रण कक्ष में सेब के पीक सीजन के दौरान ट्रकों की कतारें न लगे ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।


**ठियोग के एनएच-05 पर निमार्णाधीन वैली ब्रिज का भी किया निरीक्षण**

इससे पूर्व उपायुक्त ने ठियोग के राष्ट्रीय राजमार्ग-05 पर निमार्णाधीन वैली ब्रिज का भी निरीक्षण किया और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से वैली ब्रिज के निर्माण प्रक्रिया की जानकारी ली।

# 24 से 26 जून तक चंबा प्रवास पर होंगे कृषि मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/ हामिद**

**कृषि** एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार 24 से 26 जून तक जिला चंबा के तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे।यह जानकारी देते हुए विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि कृषि मंत्री 24 जून को सांय 5 बजे पधर चौगान बनीखेत में जिला स्तरीय आषाढ़ नाग मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। मंत्री का रात्रि ठहराव परिधि गृह डलहौजी में रहेगा। उन्होंने बताया कि 25 जून को



कृषि मंत्री प्रातः 10 बजे डलहौजी से रवाना होंगे और खज्जियार होते हुए दोपहर 2 बजे चंबा पहुंचेंगे। इस दौरान मंत्री का रात्रि ठहराव परिधि गृह चंबा में रहेगा।

# सलूणी में अगले आदेश तक जारी रहेंगे धारा 144 के प्रावधान

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद।** **जिला** दंडाधिकारी अपूर्व देवगन ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1993 के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपमंडल सलूणी के तहत 15 जून को जारी आदेश की निरंतरता में धारा 144 के प्रावधानों को जारी रखने के आदेश जारी किए हैं। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने और जान-माल की सुरक्षा को लेकर सूचित किए जाने पर उपमंडल सलूणी में अगले आदेश तक धारा 144 के प्रावधान लागू रहेंगे ।

# 'भारत की एकता और अखंडता में मुखर्जी की अहम भूमिका'

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**

**भाजपा हिमाचल** प्रदेश में सभी बूथों पर बलिदान दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया जिसके अंतर्गत प्रदेश कार्यालय दीपकमल चक्कर शिमला में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाग लिया।उनके साथ भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन विशेष रूप से उपस्थित रहे। जयराम ठाकुर ने कहा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिन का बहुत बड़ा योगदान भारत की एकता के रहा है और उनका सपना की देश एक होकर आगे बढ़े। ऐसे में जो परमिट व्यवस्था का सिस्टम जम्मू कश्मीर



में अंदर जाने के लिए लागू थाए मुखर्जी ने उसका विरोध किया और उसके बाद निर्णय किया कि अगर इस सारे मामले को लेकर के उस समय की केंद्र सरकार अगर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती तो वह स्वयं नियमों का उल्लंघन करके जम्मू कश्मीर की सीमा में प्रवेश करेंगे। उस दृष्टि से मुखर्जी ने एक कहा आंदोलन का नेतृत्व किया और लखनपुर के पास पठानकोट के आगे पहुंचने के बाद जैसे ही उन्होंने जम्मू कश्मीर की सीमा में प्रवेश किया तो जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया। उसके पश्चात उनको जेल में रखा गया और कुछ वर्षों तक जेल में रहने के बाद भी उनका किसी कारण से देहांत हो गया। जिसका कारण का अभी तक पता नहीं लगा पाया है। मुखर्जी की मृत्यु का रहस्य आज तक शोध का विषय बना हुआ है, जिसकी जानकारी सही रूप में नहीं मिल पाई। लेकिन आखिरकार मुखर्जी ने इस आंदोलन का नेतृत्व कर अपना बलिदान दिया उसके उपरांत यह परमिट व्यवस्था समाप्त हुई भाजपा एक बात का स्मरण का आगे बड़ी की कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक है और आज हमारे लिए यह बड़ा प्रसन्नता का विषय यह है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है, धारा 370 और 35, भी देश में समाप्त कर दी गई इसमें प्रधानमंत्री की मुख्य भूमिका रही। पीएम मोदी का मार्गदर्शन हमारे लिए प्रेरणा दायक है, श्यामा प्रसाद के बलिदान को पूरे देश भर में बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है और उनके बलिदान का हम हमेशा स्मरण करते हैं। इस कार्यक्रम में विधायक हंस राज, विनोद ठाकुर, भाजपा पदाधिकारी पायल वैद्या, सहित आदि उपस्थित रहे।

# सरकार सभी के लिए कल्याणकारी और व्यवस्था परिवर्तन की सरकार है: जगत

## किन्नौर जिला की कानम पंचायत में 3 करोड़ 30 लाख रुपये की राशि से निर्मित होने वाले भवनों का किया

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**

**राजस्व, बाग**वानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर जिला के पूह उपमण्डल की ग्राम पंचायत कानम का दौरा कर स्थानीय लोगों की जनसमस्याएं सुनीं। उन्होंने लोगों की सभी उचित मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया।इससे पूर्व, राजस्व मंत्री ने 1.72 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले देवता डाबला जी सांस्कृतिक एवं सामुदायिक केंद्र तथा 1.58 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाले ग्राम सभा हाल एवं बहुउद्देशीय सामुदायिक



केंद्र का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि पंचायत घर में भवन का निर्माण भी किया जाएगा ताकि पंचायती राज विभाग को सुदृढ़ किया जा सके। इसके अतिरिक्त स्पोर्ट्स कल्ब के भवन का निर्माण करने के लिए इसे बजट में डाल कर धनराशि उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जाएंगे।कानम में जनसभा को संबोधित करते हुए जगत सिंह नेगी ने कहा की वर्तमान सरकार सभी के लिए कल्याणकारी और व्यवस्था परिवर्तन की सरकार है। राज्य सरकार ने जनहित में ऐसे अनेक निर्णय लिए है, जो हिमाचल प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जायेगा। प्रदेश सरकार किन्नौर जिला में बागवानी को और अधिक बढ़ावा देने के लिए दृढ़-संकलिप्त है। इसी के दृष्टिगत बागवानी मिशन के तहत जिला किन्नौर में 50 करोड़ रुपये खर्च कर किसानों व बागवानों को 20 लाख पौधे आबंटित किए जाएंगे। इसके अलावा टपक सिंचाई के लिए किसानों को 80 प्रतिशन के अनुदान का प्रावधान किया गया। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने पहले ही बजट में शिक्षा में सुधार एवं आवश्यक अधोसरंचना का विस्तार करने के दृष्टिगत अहम कदम उठाए हैं जिसके तहत गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयार के लिए आवश्यक पुस्तकों सहित पुस्तकालयों का निर्माण व नेशनल लाईब्रेरी का एक्सेस भी उपलब्ध करवाया जाएगा। इस अवसर पर किंफेड अध्यक्ष चंद्र गोपाल नेगी, प्रधान कानम पंचायत चंद्र कीर्ति नेगी, उपप्रधान जसवंत नेगी, अतिरिक्त मंडलाधिकारी विनय मोद्गी जिला कांग्रेस सचिव निर्मल नेगी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# 46वां सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव हर्षोल्लास से सफलतापुर्वक सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**46वां** सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास से सफलतापुर्वक सम्पन्न हुआ। इस त्रिदिवसीय उत्सव का आयोजन कुल्लू के एतिहासिक लाल चन्द प्रार्थी कलाकेन्द्र में तथा देवसदन कुल्लू में किया गया। इस उत्सव के समापन समारोह में लोक गीत विधा ब्रह्मर्षि शिक्षा निकेतन रघुनाथपुर, शहीद बालकृष्ण रा. आदर्श (छात्र) वमापा ढालपुर कुल्लू, कुल्लू वैली स्कूल रामशिला, मैक्स इन्टरनेशनल स्कूल जिया, नेशनल एसोसिएशन फ ॉर ब्लाइंड कुल्लू व साईं स्टार व.मा.पा. ढालपुर कुल्लू, फिल्म गीत विधा में ब्रह्मर्षि शिक्षा निकेतन रघुनाथपुर, कुल्लू वैली स्कूल रामशिला, मैक्स इन्टरनेशनल स्कूल जिया, नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड कुल्लू, साईं स्टार व.मा.पा. ढालपुर कुल्लू व ट्रिनिटी स्कूल मौहल, लोकनृत्य विधा में राजकीय कन्या व.मा.पा. सुल्तानपुर कुल्लू, भारत भारती व.मा.पा. ढालपुर कुल्लू व साईं स्टार व.मा.पा. ढालपुर कुल्लू, समूहनृत्य विधा में अकादमिक हिल्स पब्लिक स्कूल वर्कशॉप शमशी, ज्ञान गंगा व.मा.पा. कलेहली, कुल्लू साइंस स्कूल ऑफ एजुकेशन बाशिंग, मैक्स वर्ल्ड स्कूल बजौरा व सैमरॉक कॉन्वेंट स्कूल ढालपुर ने अपनी-अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसके साथ ही प्रिंसेस सूत्रधार के फाइनल राउंड में पहुंची।

# चम्बा में मनाया गया राजा वीरभद्र सिंह का जन्मदिन

**याद किया**

**= विभिन्न फ्रंटियर संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया और पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह को याद किया**

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**शुक्रवार** को हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह के जन्मदिवस पर चम्बा जिला मुख्यालय मे एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के विभिन्न फ्रंटियर संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया और पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह को याद किया। जिला कांग्रेस



कमेटी के प्रवक्ता व वरिष्ठ कांग्रेस नेता जगदीश हांडा ने पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके उनको पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं कार्यक्रम मे उपस्थित समस्त पदाधिकारियों ने भी पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर ने राजा वीरभद्र सिंह को एक जननायक और निस्वार्थ शख्सियत कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अगर पूर्व मुख्यमंत्री डाक्टर यशवंत सिंह परमार हिमाचल के निमार्ता थे तो राजा वीरभद्र सिंह आधुनिक हिमाचल के निमार्ता थे। उन्होंने कहा कि राजा वीरभद्र सिंह जी ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर प्रदेश का सर्वांगीण विकास करवाया। जिसके चलते वे छः बार हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे है। उन्होंने कहा कि हिमाचल के विकास व उत्थान के लिए सदा उनको याद किया जाता रहेगा।इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव नरेश राणा, महासचिव कपिल भूषण, ब्लॉक महासचिव व पार्षद भानु प्रताप जसरोटिया, अल्पसंख्यक विभाग राज्य उपाध्यक्ष लियाकत खान, सहित आदि मौजूद रहे।

# जल विद्युत क्षेत्र के विकास से होगा अतिरिक्त राजस्व अर्जन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हाल ही में प्रदेश में बहने वाली नदियों के जल को सोने की संज्ञा दी है। ऐसा इसलिए क्योंकि प्रदेश में जल विद्युत दोहन की अपार क्षमता है और इसके उचित प्रबन्धन से अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की जा सकती है। प्रदेश सरकार बड़े पैमाने पर लोगों की समृद्धि और हिमाचल प्रदेश को आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य की जल संपदा का समुचित उपयोग करने पर विशेष बल दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने हिमाचल को वर्ष 2026 तक देश का पहला हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इसकी पूर्ति हेतु प्रदेश में पन बिजली विकास को बढ़ावा दिया जा रहा हैए जिसके लिए सरकार जल विद्युत क्षमता के पर्याप्त दोहन के लिए निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए जल्द ही एक खुली एवं आकर्षक नीति लेकर आएगी। राजस्व बढ़ाने के दृष्टिगत बिजली की बिक्री और खरीद के कुशल प्रबंधन के लिए एक केंद्रीकृत सेल की स्थापना की जाएगी। जल विद्युत क्षेत्र प्रदेश की आर्थिक वृद्धि का प्रमुख कारक है। राजस्व सृजन, रोजगार के अवसर और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में जल विद्युत क्षेत्र की महत्वपर्णू भूमिका है तथा इसका विकास अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष और महत्वपूर्ण योगदान देता है। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक 10,000 मेगावाट अतिरिक्त पनबिजली और नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन करना है जिससे प्रदेश की परिचालन क्षमता लगभग 21,000 मेगावाट हो जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बिजली उत्पादन के अलावा इसके वितरण और बिक्री पर विशेष ध्यान दे रही है। अपनी ट्रांसमिशन लाइनों के माध्यम से हिमाचल प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड ;एचपीपीटीसीएलद्ध के लिए अतिरिक्त राजस्व सृजन को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार द्वारा निगम को अपने निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं एवं राजस्व में बढ़ोतरी के दृष्टिगत निविदा प्रक्रिया की अवधि को कम करने के लिए भी कहा गया है ताकि राज्य के लोगों को लाभ मिल सके। एचपीटीसीएल 464 करोड़ रुपये से कालाअंब, बरशैनी, कांगू, पलचान, धर्मपुर और हिलिंग में अतिरिक्त उच्च वोल्टेज ईएचवी उप-केन्द्र, पांच ट्रांसमिशन लाइनों और एक संयुक्त नियंत्रण केंद्र का निर्माण पूरा किया जाएगा।

# पंचायत बरशैनी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**जिला रैड** क्रास कुल्लू के अंतर्गत भुन्तर में संचालित एकीकृत नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा ग्राम पंचायत बरशैनी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नशा निवारण के बारे में स्थानीय युवक-युवतियों को विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई।डाक्टर मीनाक्षी ने कहा कि नशा एक बिमारी है इससे बचने के लिए इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानना आवश्यक है।नशे के गिरफ्त में आये युवक-युवतियों का इलाज संभव है यदि समय रहते हुए उन्हें



नशा निवारण केंद्र में लाया जाए तथा विभिन्न प्रकार के औषधियां एवं उपचार से उन्हें नशे की लत से बाहर निकाला जा सकता है। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति केन्द्र में इसके लिए डॉक्टरों की देखरेख में उचित परामर्श एवं दवाइयों के साथ-साथ मेडिटेशन, योगा, खेल एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नशे के व्यसनी महिला व पुरुषों को नशे की लत से बाहर निकाला जाता है।

# डिजीटल दौर में कंप्यूटर की आधुनिक और एडवांस शिक्षा का महत्व बढ़ा

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**सरकार** द्वारा बच्चों के विकास के लिए कौशल विकास भत्ता जैसी योजनाएं चलाई गई हैं ताकि बच्चे कंप्यूटर के इस युग में चुनौतियों का सामना करते हुए स्वरोजगार के पथ पर अग्रसर हो सकें। यह बात घुमारवीं के शिवम इंस्टीच्यूट ऑफ वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर द्वारा प्रमाणपत्र वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने कही। उन्होंने कहा कि डिजीटल दौर में कंप्यूटर की आधुनिक और एडवांस शिक्षा का महत्व और बढ़ गया है। राजेश मेहता ने कहा कि बच्चे रोजगार के लिए केवल सरकारी क्षेत्र की ओर ही न देखें



यदि प्राइवेट क्षेत्र में भी उन्हें रोजगार का अवसर मिलता है तो तुरंत ज्वाइन करें। गौर हो कि एसआईवीटी घुमारवीं मुख्य कार्यालय में नाइलेट ओ लेवल पास करने वाले 43 बच्चों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। वहीं जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता के साथ आए जॉब कॉर्डिनेटर भूपेश शर्मा ने बच्चों को नौकरी प्राप्त करने के टिप्स बताए। जिसमें बायोडाटा बनाना, साक्षात्कार की तैयारी करना, बॉडी लेंग्वेज, पर्सनेलेटी डेवलपमेंट व साक्षात्कार का सामना करना आदि शामिल रहा। वहीं एसआईवीटी सोसायटी के एमडी सतीश चंद शर्मा ने कंप्यूटर क्षेत्र में वर्तमान जरूरतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आई ओ टी इंटरनेट ऑफ थिंक्स सेंसर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोट टेक्नोलॉजी, ड्रोन टैक्नोलॉजी का अब दौर चल रहा है। निकट भविष्य में इसी पर काम होगा तथा स्टूडेंटस को इस ओर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आईओटी के तहत मनुष्य सैंकड़ों किलोमीटर दूर बैठकर सेंसर के माध्यम से अपने कार्य आपरेट कर सकता है। वहीं रोबोट टैक्नोलॉजी के तहत मेडीकल, एजूकेशन, एग्रीकल्चर जैसे क्षेत्रों में काम शुरू हो गया है। जबकि ड्रोन टैक्नोलॉजी के तहत सेना व मेडीकल तथा अन्य आपातकाल समय में सामान को इधर से उधर करने में इस टैक्नोलॉजी की डिमांड और बढने वाली हैं। चूंकि देश के बड़ी आईटी संस्थानों में इस पर तेजी से काम हो रहा है जबकि छोटे शहरों में इस प्रकार की टैक्नोलॉजी के पहुंचने में थोड़ा वक्त लगेगा।

## न्यूज़ फ्लैश

### एक फैसले से कोसीकला पशु पैंठ हुई महंगी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
एक फैसले से कोसीकला पशु पैंठ महंगाई हो गई है। कोसीकला नगरपालिका की पहली बैठक में कोसीकला पशु पैंठ को लेकर प्रस्ताव आया जिसे मंजूर कर लिया गया हालांकि कुछ सदस्यों ने इस प्रस्ताव का विरोध भी किया। बैठक में चेयरमैन धर्मवीर के अलावा प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री चैधरी लक्ष्मीनारायण भी मौजूद रहे। पशु पैंठ में हुलिया शुल्क को बढ़ाकर 50 रुपये छोटा पशु व 100 रुपये बडे पशु के लिए वसूल किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। अव्यवस्थित क्षेत्र में अस्थाई अतिक्रमण करने वाले, प्रतिबंधित क्षेत्र में रेहड़ी लगाने पर जुमार्ना वसूल किए जाने का प्रस्ताव पास किया गया। को कला की पशु पैंठ को जनपद में बड़ी पैंठ माना जाता है। कोरोना काल में रोक के बावजूद पशु व्यापारी पैंठ में आते रहे थे और पुलिस को कई बार कार्यवाही भी करनी पड़ी थी। बैठक में सभासद पूजा, विष्णु , ममता, सद्दाम , ज्योति, राजरानी, विनय कुमार, रीनू, अनिल, विक्रम योगेश कुमार, रश्मिी अग्रवाल, मनीष जैन, धर्मेंद्र सैनी, लोकेश गर्ग, सूमियां, संगीता, दीपक, हरिओम , कैलाश चंद, बुसरा, टिंकुर अग्रवाल, मनीष कुमार, जरीन, ईओ उमेश मिश्रा, जेई जल विकास चैहान, कर अधीक्षक अनिद्ध भारती, स्वास्थ्य निरीक्षक राजीव यादव, योगेंद्र शर्मा, मोहन श्याम, राजवीर सिंह आदि उपस्थित थे।

### संचारी रोग नियंत्रण को लेकर जिला प्रशासन गंभीर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान एक से 31 जुलाई के सफल संचालन के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की समीक्षा की। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी को संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान में विभिन्न विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्यों के विषय में अवगत कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा समस्त ब्लॉक चिकित्सा अधीक्षकों को ब्लॉक लेवल समस्त विभागीय अधिकारियों से समन्वय कर संचारी अभियान के अंतर्गत की जाने वाली समस्त गतिविधियां शत प्रतिशत कराने के निर्देश दिए गये। साथ ही समस्त ब्लॉक चिकित्सा अधीक्षकों को आशा, आंगनवाड़ी तथा एएनएम का प्रशिक्षण तय दिनांक में कराने एवं संचारी अभियान के लिए माइक्रोप्लान 27 जून तक तथा दस्तक अभियान के लिए माइक्रोप्लान सात जुलाई तक डब्लूएचओ तथा यूनिसेफ के सहयोग से तैयार करा कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय भेजने के निर्देश दिए गये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम मथुरा वृंदावन को शहरी क्षेत्र में माइक्रो प्लान के अनुसार नियमित नालियों की सफाई झाड़ियों की कटाई फॉगिंग तथा साप्ताहिक लार्वा नाशक दवा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने अपर जिला पंचायती राज अधिकारी मथुरा को ग्रामीण क्षेत्र में नियमित लार्वा नाशक दवा का छिड़काव नालियों की सफाई फॉगिंग झाड़ियों की कटाई लोगों को शौचालय का प्रयोग करने हेतु जागरूक करना आदि कार्य कराने के निर्देश दिए गये द्य जिला कार्यक्रम अधिकारी, आईसीडीएस को दस्तक अभियान के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा आशा के साथ शत प्रतिशत घर घर भ्रमण करने हेतु निर्देश दिए गये। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मथुरा को समस्त पशु बाड़ों की साफ सफाई तथा पशुपालन विभाग द्वारा किये जाने वाले जागरूकता कार्य के फोटोग्राफ एलबम बनाने के निर्देश दिए गये। मुख्य विकास अधिकारी मथुरा द्वारा शिक्षा विभाग को विद्यालयों में बच्चों को प्रतिदिन प्रार्थना सभा में संचारी रोगों से बचाव के संबंध में जानकारी देने के निर्देश दिए गये। साथ ही बच्चों को हीट रिलेटेड इलनेस के संबंध में जागरूक करने के भी निर्देश दिए गये। जिला कृषि रक्षा अधिकारी मथुरा को संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत रोडेंट कंट्रोल जागरूकता कार्य एवं अन्य गतिविधियां कराने के निर्देश दिए गये। समस्त सहयोगी विभागों से संचारी एवं दस्तक अभियान में शत प्रतिशत गतिविधियां कराने के निर्देश दिए गये। जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मथुरा मुख्य चिकित्सा अधिकारी मथुरा नगर स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम मथुरा वृंदावन जिला कृषि रक्षा अधिकारी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, प्रतिनिधि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी, अपर जिला पंचायती राज अधिकारी समस्त अपर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी नगरीय मलेरिया अधिकारी डीएमसी यूनिसेफ पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट, एपिडेमियोलॉजिस्ट, समस्त ब्लॉक चिकित्सा अधीक्षक, नोडल एनयूएचएम डीसीपीएम, अर्बन कॉर्डिनेटर आदि के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# आज मथुरा में सीएम योगी आदित्यनाथ

-दो दिवसीय दौरे पर करीब 17 घंटे मथुरा में रहेंगे सीएम
- उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के भव्य भवन का करेंगे लोकार्पण

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को मथुरा पहुचेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों को शुक्रवार को अंतिम रूप दिया गया। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तैयारियों में जुटे रहे। शुक्रवार को जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री के आगमन और कार्यक्रमों का चार्ट जारी किया। जिसके मुताबिक शनिवार को दोपहर बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मथुरा पहुचेंगे। रात्रि विश्राम भी जनपद में करेंगे। रविवार को सुबह ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन करने के बाद वृंदावन के पवन हंस हेलीपैड से रवाना होंगे। मुख्यमंत्री शुक्रवार की शाम को 4:20



पर सेठ बीएन पोद्दार इंटर कॉलेज के ग्राउंड पर बनाये गये सभा मंच पर पहुंचेंगे। यहां करीब एक घंटे का उनका कार्यक्रम रखा गया है। यहां से पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा एवं गो अनुसंधान विश्वविद्यालय स्थित गेस्ट हाउस पहुंचेंगे। छह बजे उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के द्वारा नवनिर्मित कार्यालय का करेंगे लोकार्पण और एडीजी जोन आगरा और अन्य अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री बैठक करेंगे। बताया जा रहा है कि करीब छह विभागों के प्रमुख सचिव भी बैठक में मौजूद रहेंगे। 7:40 पर श्री कृष्ण जन्म स्थान मथुरा में करेंगे दर्शन और पूजा पाठ का कार्यक्रम है। श्री कृष्ण जन्म स्थान में 8:15 बजे पर लाइट एवं साउंड शो का लोकार्पण एवं अवलोकन का कार्यक्रम है। 9:15 पर विभिन्न परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। 10: 15 बजे पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्थित गेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री पहुचेंगे और यहीं रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन यानी रविवार को सुबह 7: 15 बजे पर मुख्यमंत्री के वृंदावन पवन हंस हेलीपैड पहुंचने का कार्यक्रम निर्धारित है। 7:45 बजे पर बांके बिहारी मंदिर में मुख्यमंत्री करेंगे दर्शन और पूजा पाठ करेंगे। इसके बाद 8:30 बजे मुख्यमंत्री जीएफसी में साधु संतों के साथ जलपान करेंगे और 9:45 बजे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वृंदावन से नोएडा गौतम के लिए प्रस्थान करेंगे।

## चौमुहां में निकाली पोषण रैली



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बाल विकास परियोजना केंद्र चौमुहां से शुक्रवार को संभव अभियान के तहत चौमुहां में पोषण संवर्धन रैली निकाली गई। सीडीपीओ वंदना शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। केंद्र से शुरू हुई रैली आझई फ्लाईओवर से होती हुई केंद्र पर ही संपन्न हुई। सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने पोषण व कुपोषण के प्रति नारे लगाकर जागरूक किया। सीडीपीओ वंदना शर्मा ने बताया कि रैली के माध्यम से लोगों को कुपोषित बच्चों की समय पर पहचान, प्रबंधन, जनसहभागिता एवं पोषण साक्षरता के प्रति जागरूक किया गया है। अभियान जुलाई से सितंबर तक चलेगा।
इन तीन महीनों में कुपोषण एवं बीमारियों के बढ़ने की संभावना अधिक होती है। रैली के माध्यम से इनसे बचाव के लिए जागरूक किया गया है।
इस मौके पर रेशम देवी, विजयेता, शकुंतला भानुप्रिया क्रांति, जज्ञा सैनी भार, श्यामलता, ललिता, धर्मवती, विमलेश, जयंती, राधा, हेमा, विनीता आदि उपस्थित रहीं।

## जेल प्रशासन के प्रयास से रिहा होंगे आर्थिक रूप से कमजोर बंदी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश मथुरा आशीष गर्ग के निदेशानुसार 23 जून को जिला कारागार मथुरा का निरीक्षण अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरू शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला कारागार मथुरा के जेल अधीक्षक बृजेश कुमार, जेलर महाप्रकाश, डिप्टी जेलर शिवानी यादव व अनूप कुमार, जेल चिकित्सा अधिकारी उत्पल सरकार व जेल बंदी पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे। जिला कारागार मथुरा में निरीक्षण के दौरान कुल 1581 बंदी निरूद्ध होना पाया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जेल में निरुद्ध बंदियों को रिहा किए जाने के लिए पूर्व से ही किए जा रहे प्रयासों व जेल प्रशासन के सहयोग से चिन्हित बंदी,



उन्हें जमानत मिलने के बावजूद कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण जेल से रिहा नहीं हो पा रहे बंदियों को शीघ्र ही जेल से रिहाई मिल जाएगी। इस दिशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा के तहत काम किया जा रहा है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि ऐसे बंदी जो विभिन्न अपराधों में वर्षो से जेल में बंद हैं। अदालत से उनकी जमानत भी मंजूर हो चुकी है मगर आर्थिक तंगी या कोई पैरोकार न होने के कारण जमानत राशि नहीं जमा कर सके।

## कोसीकला नगरपालिका क्षेत्र का होगा विस्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कोसीकला नगरपालिका क्षेत्र का विस्तार किया जाएगा। शहर के बाहरी इलाकों में विकसित हुए नए आवासीय क्षेत्रों को कोसीकला नगरपालिका के तहत लाया जाएगा। कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र का सीमा विस्तार जल्द ही होगा। इसके लिए शासन से जल्द ही औपचारिकताएं पूरी करा दी जाएगी। उन्होंने प्रथम बोर्ड बैठक में बाहरी कालोनियों को पालिका में शामिल किए जाने के प्रस्ताव का स्वागत कर सभी बधाई दी। कैबिनेट मंत्री गुरुवार को बोर्ड बैठक में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि नगर के विकास के लिए प्रदेश सरकार से हर संभव सहयोग दिलाया जाएगा। फिर चाहे किसी भी विभाग का काम क्यों न हो।

## लाडली मंदिर पर मर्यादित वस्त्र ही पहनकर आएं: रासबिहारी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मुजफ्फरनगर के बालाजी मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए ड्रेस कोड का बोर्ड लगाने के बाद अब मथुरा के बरसाना में राधा रानी मंदिर पर बैनर लग गया है । जिसमे सभी भक्तों से मर्यादित ड्रेस में आने की अपील की गई है। मंदिरों में महिलाओं के ड्रेस को लेकर मंदिरों में बैनर लग रहे हैं । इसी क्रम में गुरुवार को राधा रानी मंदिर पर बैनर लगा दिया गया और उस बैनर के माध्यम से भक्तों से अपील की गई है कि विनम्र आग्रह सभी महिलाएं एवं पुरुष मंदिर में मर्यादित वस्त्र पहनकर ही आएं। छोटे वस्त्र जैसे हॉफ पैंट, बरमूडा, मिनी स्कर्ट, नाइट सूट,



कटी फटी जींस पहनकर मंदिर में न आएं। लाडली जी मंदिर के रिसीवर रासबिहारी गोस्वामी ने बताया कि अब जो ज्यादातर श्रद्धालु आ रहे है उनका पहनावा मंदिर के नजरिए से शोभनीय नहीं है, हम जब शादी में जाते हैं, अलग वस्त्र पहनते हैं। होली खेलते हैं तो अलग वस्त्र पहनते हैं। मंदिर जाते समय तो मर्यादित वस्त्र ही पहनने चाहिए और श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि मंदिर आएं तो उस तरह के वस्त्र और आभूषण पहनें, जिससे उस स्थल और आपकी अर्थात दोनों की मयार्दा बनी रहे।

## रात में ड्रोन से होगी बिजली की रखवाली, कोई नहीं कर सकेगा चोरी

8 -वसूली में राजस्व विभाग की टीम भी चलेगी विद्युत विभाग के कर्मचारियों के साथ

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
रात के समय ड्रोन बिजली की रखवाली करेगा। रात के अंधेरे में भी कोई चोर बिजली की चोरी नहीं कर सकेगा। विद्युत विभाग ने बकायेदारों से वसूली की प्रक्रिया को भी तेज करने का फैसला किया है।
अब राजस्व विभाग की टीम भी विद्युत कर्मियों के साथ रहेगी जिससे मौके पर ही वसूली सुनिश्चित की जा सके। जनपद



फोटो परिचय- बिजली विभाग से सबंधित बैठक लेते जिलाधिकारी पुलकित खरे।

में हाउस होल्ड के सापेक्ष घरेलू विद्युत कनेक्शन की संख्या कम है। सभी घरों में विद्युत कनेक्शनों को देने का अभियान चलाया जा रहा है। इसमें सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से विद्युत सखियां ऐसे घरों को चिन्हित करें जहां विद्युत कनेक्शन नहीं है। उनके द्वारा विद्युत कनेक्शन लेने पर विद्युत सखी को प्रति विद्युत कनेक्शन 100 रुपए का भुगतान किया जाएगा। बिजली के बकायेदारों से राजस्व वसूलने हेतु बिजली विभाग व राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त अभियान चलाया जाएगा। बिजली की चोरी रोकने हेतू रात्रि में पुलिस के सहयोग से व ड्रोन कैमरे के माध्यम से चोरी करने वालों को चिन्हित किया जाएगा तथा कानूनी कार्यवाही की जाएगी। 24 घंटे तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के संबंध में ऑर्डर करा लिया जाए और आगामी दिनों में विद्युत पूर्ति सुनिश्चित करें। अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए और कंप्लायंस कराने हेतु निर्देशित किया। बैठक में निर्देशित किया गया कि स्कूल तथा गौशाला के ऊपर से कोई भी नई विद्युत लाइन नहीं जाएगी, यदि लाइन गई तो संबंधित एक्सईएन, एसडीओ आदि के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। जो विद्युत लाइन स्कूल तथा गौशालाओं के ऊपर से जा रही है उसकी कार्य योजना बनाकर प्रस्ताव कराया जाए और लाइनों को हटाया जाए।
आईजीआरएस शिकायत का गुणवत्ता युक्त निस्तारण न होने पर नाराजगी जाहिर की।

## मुडिया मेला: एनडीआरएफ टीम ने कर्मियों को बताया आपदा में कैसे करें काम

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
आपदा प्रबंधन (एनडीआरएफ) की टीम ने तहसीलदार गोवर्धन की अध्यक्षता में राजस्व लेखपालों को आपदा में बचाव और राहत कार्य के तरीके बताए।



आपदा प्रबंधन टीम के इंस्पेक्टर ने शिशु का प्रतीकात्मक पुतला लेकर आपदा से निपटने के लिए प्रैक्टिकल सुझाव दिए। चूंकि गोवर्धन गिरिराज परिक्रमा मार्ग में श्रद्धालु भक्तों का जनसैलाब उमड़ेगा। इस दौरान कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए जिला प्रशासन ने एन डी आर एफ टीम तैनात करने का निर्णय लिया है। शुक्रवार को राजकीय मुड़िया मेला की व्यवस्थाओं को लेकर तहसीलदार अजीत कुमार की अध्यक्षता में एन डी आर एफ की बैठक गोवर्धन के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित हुई। एन डी आर एफ के इंस्पेक्टर विकास मेहरा ने राजस्व लेखपालों को आपदा प्रबंधन के उपाय बताए। आपदा के दौरान किसी शिशु के फंसने पर उसका रेस्क्यू कैसे किया जाएगा, इसके लिए उन्होंने शिशु का प्रतीकात्मक पुतला लेकर रेस्क्यू करने के नुक्से बताए। तहसीलदार अजीत कुमार ने बताया कि गोवर्धन के पांच दिवसीय राजकीय मुड़िया मेला में लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त गिरिराज दर्शन के लिए गोवर्धन पहुंचेंगे, भीड़ के दबाव में किसी श्रद्धालु को कोई असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन व्यापक स्तर पर काम कर रहा है।

## विद्युत विभाग द्वारा 1539.55 करोड़ की लागत से कराए जाएंगे कार्य

**मथुरा /टीम एक्शन इंडिया**
कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी पुलकित खरे तथा दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के एमडी अमित किशोर ने संयुक्त रूप से अध्यक्षता करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक ली। जनपद वासियों को सुगमता के साथ विद्युत आपूर्ति कराना जिला प्रशासन तथा विद्युत विभाग की पूर्ण जिम्मेदारी है, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिले। जनपद मथुरा में रिवैंप डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम पर विस्तार से चर्चा हुए। भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत कार्य प्रारम्भ हो चुका है। प्रथम चरण में 322 करोड़ की लागत से पुराने तारों के स्थान पर नए केवल लगाए जाएंगे। द्वितीय चरण में 438 करोड़ की लागत से जनपद मॉडर्नाइजेशन के सभी कार्य कराए जाएंगे।

## अडींग क्षेत्र में 50 से अधिक गांवों को पानी आने का इंतजार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
अडीग क्षेत्र के 50 से अधिक गांवों के किसान माइनर में पानी नहीं आने से परेशान हैं। इस क्षेत्र में बहुतायत में धान की फसल होती है। धान की रोपाई का समय आ गया है। किसान धान रोपाई की तैयारी कर रहे हैं लेकिन माइनर में पानी नहीं आने से मायूस हैं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यकताओं ने शुक्रवार को गांवों का दौरा कर किसानों से बात की और प्रशासन से मांग की कि किसानों की परेशानी को देखते हुए समय से माइनर में पानी



छोडा जाये जिससे किसान समय से धान की रोपाई कर सकें। संगठन कार्यकताओं ने गोवर्धन विधानसभा के गांव अडीग स्थित आगरा कैनाल सिंचाई विभाग तार घर पर तालाबंदी भी की। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी ने कहा कि किसानों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो संगठन जिला मुख्यालय पर आंदोलन करेंगे। क्षेत्र के तालाब पोखर भी सूखे पड़े हैं। रमेश सैनी, गोपाल सिंह, अजीत सिंह, हरवीर सिंह, तोताराम विजू, देवेंद्र सिंह, जोगेंद्र सिंह, जगत सिंह, नरेश, लाखन सिंह, बृजेंद्र सिंह, शिव सिंह, राजकुमार, भगवत, बलबीर, बृजेश, दयाराम, ब्रजवीर, पदम सिंह, डूंगर सिंह, भूरा चौधरी, पुष्पराज चौधरी, भरत सिंह, बंटू, मानवेंद्र सिंह, मान सिंह, विक्रम, बृजेंद्र, गौरव प्रधान, शिवम सिंह आदि मौजूद थे।

## धार्मिक स्थलों के संपर्क मार्गों के किनारे जमीन घेरने की मची होड़

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद के प्रमुख और संपर्क मार्गों के दोनों ओर यकायक जमीन घेरने की होड सकी मच गई है।
कृषि भूमि की घेराबंदी की जा रही है। आवासीय परिसर विकसित करने के नाम पर कॉलोनियां काटी जा रही हैं और अंधाधुंध प्लाटिंग की जा रही है। किसानों को भी इसकी ऐवज में ठीक ठाक पैसा मिल रहा है।
इस लिए किसान भी जमीन बेचने में संकोच नहीं कर रहे हैं। जनपद भर में कुकुरमुत्तों की तरह अवैध आवासीय कॉलोनियां विकसित हो रही




हैं। इस तरह की कॉलोनियां उन सड़क मार्गों के इर्द गिर्द ज्यादा विकसित हो रही हैं, जो किसी धार्मिक स्थल को जा रही हैं। जिलाधिकारी पुलकित खरे के निदेशों के बाद तहसील छाता तथा मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा छाता गोवर्धन मार्ग पर स्थित अवैध कॉलोनियों को हटाया गया। टीम द्वारा 14.966 हेक्टेयर जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया, जिसकी कीमत रुपए 34.93 करोड़ है। उप जिलाधिकारी छाता श्वेता ने अवगत कराया है कि अवैध कॉलोनी पर कार्यवाही की गई है, जिसमे कैपिटल होम केयर रियल एस्टेट, एसडीएस इंफ्रा प्रमोटर्स, देव भूमि सोसाइटी, धनुका सोसाइटी, केशव धाम सोसाइटी तथा राधा कृष्ण विहार कॉलोनी शुभ लाभ ग्रुप द्वारा निर्माणधीन तथा अवैध कब्जे को मुक्त कराया गया। ये सभी कॉलोनी अवैध थी तथा इनके द्वारा मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण से कोई भी एप्रूवल नही लिया गया है। उक्त कॉलोनी छाता देहात, संखी, अलवई , सेमरी आदि स्थानों पर स्थित थी। कार्यवाही के समय नायब तहसीलदार छाता विजय कुमार, मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण से अवर अभियंता सर्वेश कुमार तथा पुलिस मौजूद रही।

## लोकतंत्र रक्षक सेनानियों होगा सत्यापन

8 जिलाधिकारी कार्यालय में न्याय सहायक दो के पटल पर प्रात: साढे दस बजे से सायं पांच बजे तक स्वयं उपस्थित हो

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
प्रभारी अधिकारी राजनैतिक पेंशन एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विजय शंकर दूबे ने अवगत कराया है कि शासन से प्राप्त निर्देशों के आलोक में जनपद के समस्त लोकतंत्र रक्षक सेनानियों के जीवित होने का वार्षिक सत्यापन पूर्व की भांति माह जून में किया जा रहा है, जिन लोकतंत्र रक्षक सेनानियों द्वारा अभी तक अपना जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है, उनको सूचित किया जाता है कि वह 30 जून से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में (सार्वजनिक अवकाश को छोड़ कर) जिलाधिकारी कार्यालय में न्याय सहायक दो के पटल पर प्रातः साढे दस बजे से सायं पांच बजे तक स्वयं उपस्थित होकर अपना जीवन प्रमाण पत्र अनिवार्यतः प्रस्तुत कर दें,
अन्यथा नियत अवधि में जीवन प्रमाण पत्र उपलब्ध न कराने की दशा में आपको सम्मान राशि का भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा।

